<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 286

18 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा आपूर्ति

286. श्री डी. के. सुरेश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) पटरियों के नवीनीकरण और क्षमता में वृद्धि हेतु भारतीय रेल की नई रेल पटरियों की मांग को पूरा करने में पीछे चल रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सेल द्वारा प्राप्त मांग सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सेल ने भारतीय रेल सहित संबंधित एजेंसियों की संपूर्ण अपेक्षित मात्रा की आपूर्ति करने के लिए कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): वर्ष 2014-15, 2015-16, 2016-17 और अप्रैल से नवंबर, 2017 के दौरान किए गए ऑर्डरों की तुलना में भारतीय रेलवे को की गई आपूर्तियों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

हजार टन में

वर्ष	भारतीय रेलवे द्वारा दिए गए ऑर्डर	सेल द्वारा वास्तविक आपूर्ति
2014-15	581	584
2015-16	812	646
2016-17	1005	620

(ग) और (घ): जी हाँ। सेल द्वारा उठाए गए कदमों में इसके भिलाई इस्पात संयंत्र में एक नए रेल मिल की स्थापना द्वारा अपनी क्षमता वृद्धि शामिल है। अप्रैल से नवंबर, 2017 की अवधि के दौरान सेल ने भारतीय रेलवे को 5.55 लाख टन की आपूर्ति की है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 43% अधिक है, जो उस समय 3.89 लाख टन थी।

******